# कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक,

उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

**विषय: रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 23 दिसम्बर, 2013 को आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।**

********

इस मुख्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक 23 दिसम्बर, 2013 को श्री रविन्द्र कुमार कर्ण, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक (प्रशा.) महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री प्रवीण कुमार राय, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा उप महानियंत्रक (प्रशा.) | सदस्य |
| 2. | श्री एस. मुरलीकृष्णन, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा वरिष्ठ सहायक महानियंत्रक | सदस्य |
| 3. | डॉ. नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी, सहायक निदेशक (राजभाषा), रक्षा मंत्रालय (वित्त) | सदस्य |
| 4. | श्री राजेश मदान, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (एकीकृत वित्तीय सलाहकार) | सदस्य |
| 5. | श्री राजबीर, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखापरीक्षा) | सदस्य |
| 6. | श्री आर. रंगनाथन, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा. | सदस्य |
| 7. | श्री कृष्ण कुमार, वरिष्ठ लेखा अधिकारी (लेखा/बजट) | सदस्य |
| 8. | श्री राजेश कालिया, लेखा अधिकारी (प्रशा.10) | सदस्य |
| 9. | श्री दिलीप कुमार, हिंदी अधिकारी | सदस्य सचिव |

अन्य उपस्थित:

1. श्रीमती बीना कुमारी, वरिष्ठ लेखापरीक्षक
2. श्रीमती काकोली दत्ता, कनिष्ठ हिंदी अनुवादक

सर्वप्रथम सदस्य सचिव द्वारा अध्यक्ष महोदय का स्वागत किया गया। तदोपरांत बैठक की कार्यवाही आरम्भ हुई ।

**मद सं.:1** <u>दिनांक 23 सितम्बर, 2013 को आयोजित बैठक के कार्यवृत की पुष्टि:</u>

समिति को सूचित किया गया कि पिछली बैठक का कार्यवृत्त दिनांक 15 अक्टूबर, 2013 के पत्र सं. 55018/5/81/हि.क./रा.भा.का.स./मु.का./26 के अधीन सभी संबंधितों को भेज दिया गया था। किसी भी सदस्य से कोई आपत्ति अथवा सुझाव प्राप्त नहीं हुए, अतः समिति द्वारा सर्वसम्मति से कार्यवृत्त की पुष्टि कर दी गई।

**मद सं.:2** <u>पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर कार्रवाई :</u>

सदस्य सचिव द्वारा समिति को सूचित किया गया कि

(1) पिछली बैठक में लिए गए निर्णयानुसार अध्यक्ष महोदय की ओर से आदेश जारी किया गया है कि कार्यालय द्वारा सभी प्रकार के दावों एवं परिपत्रों/आदेशों के अग्रेषण पत्र हिंदी में तथा सरकारी आदेश एवं स्वीकृतियों के अग्रेषण पत्र द्विभाषी रूप में जारी किए जाएं।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिया कि सभी प्रकार के दावों एवं परिपत्रों/आदेशों के अग्रेषण पत्र हिंदी में जारी किए जाएं तथा मुख्यालय कार्यालय में इस बात की निगरानी रखी जाएं। आगामी बैठक में अनुभाग वार आँकड़ें भी प्रस्तुत किए जाएं।

**(कार्रवाई : सभी प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालय/हिंदी कक्ष/सभी अनुभाग)**

(2) पिछली बैठक में निर्णय लिया गया था कि बैठक में हिंदी प्रशिक्षण संबंधी समीक्षा पूरे विभाग की की जाए। इसी के अनुपालनार्थ सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालयों से रिपोर्ट मांगी गई थी। समेकित सूचना के अनुसार विभाग में 1093 अधिकारियों/कर्मचारियों को हिंदी का, 44 आशुलिपिक को हिंदी आशुलिपि का तथा 425 लिपिकों को हिंदी टाइपिंग का प्रशिक्षण दिया जाना शेष है। सभी कार्यालयों ने सूचित किया है कि प्रशिक्षण के लिए शेष अधिकारियों/कर्मचारियों को समयबद्ध कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

अध्यक्ष महोदय ने आदेश दिया कि पत्राचार के माध्यम से हिंदी प्रशिक्षण देने हेतु सभी प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों को निदेश दिए जाएं। इसके अतिरिक्त, राजभाषा विभाग के निदेशानुसार चूँकि वर्ष 2015 तक सभी को प्रशिक्षित करना है अतः राजभाषा विभाग की हिंदी शिक्षण योजना का भरपूर लाभ उठाते हुए पत्राचार माध्यम से हिंदी भाषा और हिंदी टंकण का प्रशिक्षण दिलाया जाए तथा नियंत्रक कार्यालय अपनी स्वयं की व्यवस्था से भी प्रशिक्षण प्रदान करें।

**(कार्रवाई: हिंदी कक्ष तथा संबंधित रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक कार्यालय)**

**मद सं.:3** <u>जून 2013 तथा सितम्बर, 2013 की हिंदी के प्रगामी प्रयोग से संबंधित तिमाही प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा</u> :

सदस्य सचिव ने जून, 2013 तथा सितम्बर, 2013 की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के ऑकड़े समिति के समक्ष रखे तथा सूचित किया गया कि जिन प्रधान नियंत्रक कार्यालयों/नियंत्रक कार्यालयों के हिंदी पत्राचार में गिरावट आई थी उनको पत्र जारी कर दिए गए हैं।

अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि महानियंत्रक कार्यालय के हिंदी पत्राचार में वृद्धि की जाए ताकि 'क' क्षेत्र के अनुरूप औसत प्रतिशत प्राप्त किया जा सके।

**(कार्रवाई: सभी संबंधित रक्षा लेखा नियंत्रक/हिंदी कक्ष)**

**मद सं.:4** <u>हिंदी प्रशिक्षण की स्थिति</u> :

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि

(1) मुख्यालय कार्यालय में 23 आशुलिपिक तथा 08 लिपिक तैनात हैं जिनमें 21 आशुलिपिकों को तथा 08 लिपिकों को क्रमशः हिंदी आशुलिपि तथा हिंदी टंकण का ज्ञान प्राप्त है। शेष 02 आशुलिपिकों को अगले सत्र के लिए नामित किया गया है।

(2) इसके अतिरिक्त, हिंदी भाषा के प्रशिक्षण के अंतर्गत 01 भा.र.ले.से. अधिकारी प्रबोध एवं 01 सहायक लेखा अधिकारी प्राज्ञ पाठ्यक्रम हेतु प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

**(कार्रवाई: हिंदी अनुभाग)**

**मद संख्या: 5** <u>रक्षा लेखा विभाग में हिंदी पदों की स्थिति</u>

| | स्वीकृत पद | भरे गए पद | रिक्त पद |
|---|---|---|---|
| **हिंदी अधिकारी** | 37 | 15 | 23 |
| **वरिष्ठ हिंदी अनुवादक** | 21 | 21 | - |
| **कनिष्ठ हिंदी अनुवादक** | 85 | 64 | 21 |

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि

(1) तदर्थ हिंदी अधिकारियों के वरिष्ठ हिंदी अनुवादक पद पर प्रत्यावर्तन के उपरांत हिंदी अधिकारी के 23 पद रिक्त हैं। पिछली बैठक में प्रशासन अनुभाग के प्रतिनिधि ने समिति को सूचित किया था कि रिक्त पदों को भरने के लिए संघ लोक सेवा आयोग ने संवर्ग समीक्षा होने तक हिन्दी अधिकारी के भर्ती नियमों के संशोधन का प्रस्ताव आस्थगित रखा हुआ है। संवर्ग समीक्षा का संबंधित मंत्रालय द्वारा अनुमोदन करने के पश्चात उक्त पदों को भरने के संबंध में कार्रवाई की जाएगी।

(2) कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा हिंदी अधिकारी के मॉडल भर्ती नियम जारी कर दिए गए हैं। हिंदी अधिकारी के सभी पद पदोन्नति द्वारा भरे जाने का उल्लेख किया गया है। रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक(प्रशासन) महोदय के अनुमोदन से रक्षा लेखा विभाग में हिंदी अधिकारी के भर्ती नियम बनाने हेतु दिसम्बर माह में प्रशा-8 अनुभाग से अनुरोध किया गया था। प्रशासन-8 अनुभाग ने समिति को सूचित किया कि संघ लोक सेवा आयोग ने काडर रिव्यू होने तक हिंदी अधिकारी के भर्ती नियमों का कार्य अस्थगित रखने को कहा। अध्यक्ष महोदय ने इस तथ्य से असहमति प्रकट करते हुए प्रशासन अनुभाग के प्रतिनिधि को हिंदी अधिकारी के भर्ती नियम संबंधी कार्रवाई तत्काल करने के आदेश दिए।

(3) एक कनिष्ठ हिंदी अनुवादक के पदोन्नति के फलस्वरूप वरिष्ठ हिंदी अनुवादक के सभी पद भरे हुए हैं।

(4) कनिष्ठ हिंदी अनुवादकों के रिक्त 21 पदों में से 11 पदों को भरने के संबंध में प्रधान नियंत्रक/नियंत्रक कार्यालयों द्वारा संबंधित कर्मचारी चयन आयोगों को मांग पत्र भेजे हुए हैं तथा शेष 10 पद तकनीकी त्याग पत्र देने के कारण रिक्त हुए हैं। इन पदों के भरने हेतु रिक्तयां जारी की जा चुकी है। इन पदों को भरने हेतु संबंधित कार्यालयों द्वारा कार्रवाई की जानी है। इस संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त करने हेतु संबंधित नियंत्रकों को पत्र लिखा गया है।

(5) अध्यक्ष महोदय के निदेशानुसार कैडर-समीक्षा रिपोर्ट मंत्रालय को भेज दी गई थी। मंत्रालय से फाइल कुछ टिप्पणी सहित वापस मुख्यालय कार्यालय को प्राप्त हुई है। अध्यक्ष महोदय के निदेशानुसार टिप्पणियों पर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

अध्यक्ष महोदय ने कैडर-समीक्षा रिपोर्ट के संबंध में निदेश दिया कि इस मामले में वरिष्ठ हिंदी अधिकारी संबंधी मामला और कनिष्ठ एवं वरिष्ठ हिंदी अनुवादकों का मामला पृथक-पृथक प्रस्तुत किया जाए ताकि कैडर-समीक्षा पर शीघ्र कार्रवाई हो सके।

**(कार्रवाईः संबंधित अधिकारी गण/हिंदी कक्ष/प्रशा/2/8 व 11 अनुभाग)**

**मद संख्याः6 रक्षा लेखा विभाग में राजभाषा नीति का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों का निरीक्षण**

सदस्य सचिव ने सूचित किया कि वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित 25% लक्ष्य की प्राप्ति हेतु वर्ष 2013-14 में 08 कार्यालयों का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया था। निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु अब तक कुल 05 कार्यालयों (रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(अफसर), पुणे, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (द.क.), पुणे, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (वा.से.), देहरादून, रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक, नई दिल्ली तथा रक्षा लेखा नियंत्रक, पटना का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया

जा चुका है। सभी कार्यालयों को निरीक्षण रिपोर्टें अनुवर्ती कार्रवाई के लिए भेज दी गई हैं। दिसम्बर, 2013 में रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (द.प.क.), जयपुर तथा फरवरी, 2014 में रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (उ.क.), जम्मू का राजभाषा निरीक्षण किया जाना है। चूँकि रक्षा लेखा नियंत्रक, चेन्नई कार्यालय का निरीक्षण इस वर्ष संसदीय राजभाषा समिति, मुख्यालय के आंतरिक लेखापरीक्षा दल एवं रक्षा मंत्रालय (वित्त) द्वारा किया जा चुका है अतः उसके स्थान पर जनवरी माह में कार्यालय रक्षा लेखा नियंत्रक (वायु सेना), नई दिल्ली का निरीक्षण किए जाने का प्रस्ताव किया गया जिसे अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकार कर लिया गया।

**मद संख्या: 7 संसदीय राजभाषा समिति द्वारा निरीक्षण :**

(1) संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दिनांक 08.06.2012 को रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक(नौसेना), मुंबई तथा दिनांक 7.7.2012 को क्षेत्रीय लेखा कार्यालय (वेतन), लेह के निरीक्षण के दौरान दिए गए आश्वासनों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की सूचना प्राप्त हो गई है। समीक्षा के उपरांत इन्हें रक्षा मंत्रालय(वित्त) को भेज दिया जाएगा।

(2) दिनांक 10.01.2013 को लेखा कार्यालय (आयुध निर्माणी), मुरादनगर, दिनांक 20 मई, 2013 को क्षेत्रीय लेखा कार्यालय (उ.क.), श्रीनगर, तथा 16.02.2013 को रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (उ.क.), जम्मू के संसदीय राजभाषा समिति द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान कार्यालय प्रमुख द्वारा दिए गए आश्वासनों की सूची अभी भी प्रतीक्षित है। सूची प्राप्त होने पर उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। समिति सचिवालय से आश्वासनों की सूची प्राप्त करने हेतु रक्षा मंत्रालय (वित्त) को पत्र लिखा गया है।

(3) संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दिनांक 17 जुलाई, 2013 को रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (पेंशन), इलाहाबाद के निरीक्षण से संबंधित आश्वासन अनुवर्ती कार्रवाई हेतु उक्त कार्यालय को भेज दिए गए है।

(4) संसदीय राजभाषा समिति द्वारा दिनांक 22 अक्टूबर, 2013 को लेखा कार्यालय, गैरिसन इंजीनियर, मऊ एवं 23 नवम्बर, 2013 को रक्षा लेखा नियंत्रक, चेन्नई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उक्त कार्यालयों के कार्यालय प्रमुख द्वारा दिए गए आश्वासनों की सूची प्राप्त होने पर उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**मद संख्या: 8 : अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषय :**

(1) रक्षा मंत्रालय (वित्त) के सहायक निदेशक (राजभाषा) ने समिति को सुझाव दिया कि कार्यालयों में संघ की राजभाषा नीति के अतिरिक्त विभाग के विभिन्न कार्यक्षेत्रों के संबंध में

भा.र.ले.से. स्तर के अधिकारियों के लिए पृथक रूप से हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया जा सकता है।

अध्यक्ष महोदय ने सहायक निदेशक (राजभाषा) के सुझाव पर सहमति जताते हुए इस संबंध में कार्य योजना प्रस्तुत करने हेतु निदेश दिए।

(2) अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त को वैबसाइट पर डाल दिया जाए।

**(कार्रवाई : लेखापरीक्षा(निरीक्षण))**

(3) समिति के एक सदस्य ने सुझाव दिया कि मुख्यालय द्वारा किए जाने वाले निरीक्षणों विशेष रूप से 'क' क्षेत्र में स्थित कार्यालयों की निरीक्षण रिपोर्ट हिंदी में तैयार की जाए।

अध्यक्ष महोदय सहमति व्यक्त करते हुए 'क' क्षेत्र स्थित कार्यालयों का निरीक्षण करते समय कम से कम एक अनुभाग (प्रशासन) हिंदी अनुभाग के अतिरिक्त की निरीक्षण रिपोर्ट हिंदी में तैयार की जाए।

अध्यक्ष महोदय ने इस संबंध में सभी संयुक्त महानियंत्रकों को एक अशासकीय टिप्पणी लिखने हेतु निदेश दिया।

**(कार्रवाई : लेखापरीक्षा(निरीक्षण))**

अंत मे अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक की कार्यवाही संपन्न हुई।

(दिलीप कुमार)
**हिंदी अधिकारी सह सदस्य सचिव**